कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.)
E-mail—pccfwl@mp.gov.in

रेल नेटवर्क के जरिये दुर्लभ प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में तस्करी में शामिल गिरोह का आठवा फरार ईनामी आरोपी व मुख्य सरगना को लखनऊ उत्तरप्रदेश से स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने किया गिरफ्तार

प्रेस विज्ञप्ती (**18/26**, दिनांक **06.04.2026)**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिक्षक, मध्यप्रदेश के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रेल गाड़ी संख्या 19322 पटना इंदौर एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी वातानकूलित श्यानयान (फस्ट एसी कोच) में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश, भोपाल, रेल्वे सुरक्षा बल (RPF) एवं वनमण्डल भोपाल के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए संत हिरदाराम स्टेशन से 01 आरोपी अजय सिंह राजपूत बल्द राजकुमार के पास से 311 नग दुर्लभ प्रतिबंधित प्रजाति के जीवित कछुओं को जप्त कर वन अपराध प्रकरण 237/23 दिनांक 03.02.2026 पंजीबद्ध कर वन्यजीव कछुओं को वन्यजीव पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत व माननीय न्यायालय से प्राप्त अनुमति उपरांत प्राकृतिक रहवास में मुक्त किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों का संग्रहण कर प्रदेश के भीतर कई शहरों नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, देवास, उज्जैन,नागदा, शाजापुर एवं प्रदेश के बाहर लखनऊ (उत्तरप्रदेश) में कई दल बनाकर एक साथ छापामार कार्यवाही करते हुए जलीय वन्यजीव कछुओं के अवैध व्यापार में लिप्त एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया जो रेल के माध्यम से विगत कुछ समय से वन्यजीवों की तस्करी में लिप्त था तथा गिरोह के कई सदस्यों जो कि Pet shop Owner, Pet Parrent, Dog Breeder & Rail A.C. First Coach Attendant है,उक्त कार्यवाही में **कुल 313 नग जीवित दुर्लभ**, प्रतिबंधित एवं अनुसूची-I में दर्ज चार विभिन्न प्रजाति के वन्यजीव कछुओं *(Indian Tent Turtle, Indian Roofed Turtle, Crowned River Turtle & Star Tortoise)* एवं 02 नग जीवित वन्यजीव *Rose-ring parakeet*को जप्त किया गया साथ ही अपराध में प्रयुक्त आरोपियों से 01 नग मोटरसाईकिल एवं 07 नग मोबाईल फोन को भी जप्त कर मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के विभिन्न शहरों से 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दिनांक 05-04-26 प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुये उत्तर भारत के अंतर्राज्जीय संगठित गिरोह का मुख्य सरगना फरार ईनामी आरोपी रविन्द्र उर्फ रमन कश्यप निवासी लखनऊ को उत्तर प्रदेश एसटीएफ पुलिस लखनऊ की सहायता से स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी दो माह से लगातार जांच दल को चखमा देकर अपनी लोकेशन लगातार बदल रहा था। जिसे आज दिनांक 06-04-26 माननीय विशेष न्यायालय एसटीएसएफ में पेश कर फॉरेस्ट रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

अधिकृत अधिकारी
कार्या0 प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
(कक्ष- एसटीएसएफ)
मध्यप्रदेश, भोपाल